
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**पुण्यतिथि विशेष**

**17 नवंबर 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

सच्चा विकास तभी संभव है जब हर व्यक्ति अपने

अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक हो।

लाला लाजपत राय

( स्वतंत्रता सेनानी )

जन्म : 28 जनवरी 1865 मृत्यु : 17 नवंबर 1928



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar


The change makers

# दिवस विशेष

17 नवंबर

## मधु प्रिया

# अंतर्राष्ट्रीय छात्र दिवस 17 नवम्बर




अंतर्राष्ट्रीय छात्र दिवस हर वर्ष 17 नवंबर को दुनिया भर में मनाए जाने वाला दिवस है। छात्र दिवस का इतिहास 28 अक्टूबर 1939 की घटना से जुड़ा हुआ है। यह घटना चोकोस्लोवाकिया के एक हिस्से पर नाजियों द्वारा कब्जा कर लिया गया था, उसी चोकोस्लोवाकिया की राजधानी प्राग में वहां के छात्रों एवं शिक्षकों ने एक प्रदर्शन का आयोजन किया था। प्रदर्शन देश के स्थापना के वर्षगांठ के अवसर पर था। नाजियों ने प्रदर्शन कर रहे छात्र एवं अध्यापकों पर गोलियां चलाई जिससे एक गोली मेडिकल के एक छात्र के ऊपर लगी और वह छात्र वहीं मारा गया। छात्र के अंतिम संस्कार के समय भी प्रदर्शन किया गया, नतीजे में सभी प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया जिसके बाद 17 नवंबर 1939 को नाजी सैनिक छात्र के हॉस्टल में घुसकर वहां के 1200 छात्रों को गिरफ्तार कर लिया और उनमें से 9 को यातना शिविर में भेजा गया, जिन्हें बाद में फांसी दी गई नाजी सैनिकों ने इस घटना के बाद चोकोस्लोवाकिया में सभी कॉलेज और यूनिवर्सिटी को बंद करवा दिया। उन छात्रों के साहस की घटना अविस्मरणीय थी ।अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस चेक रिपब्लिक की राजधानी प्राग के उन हज़ारों विद्यार्थियों की बहादुरी की याद में मनाया जाता है जो उच्च शिक्षा के अधिकार के लिए नाज़ी सेना के खिलाफ चले गए थे। नाज़ी सेना के 1939 में चेक रिपब्लिक पर कब्ज़ा करने के बाद हज़ारों विद्यार्थियों को बंदी शिविर में भेज दिया गया था। इसके बावजूद उन विद्यार्थियों का हौसला कम नहीं हुआ था। हर साल 17 नवंबर को विश्व स्तर में दुनिया भर की कई यूनिवर्सिटी सांस्कृतिक बहुलता और विविधता के प्रदर्शन के लिए अंतर्राष्ट्रीय छात्र दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर बहुत सी यूनिवर्सिटी छात्रों के लिए इस दिन खास गतिविधियों का आयोजन करती है, यूनिवर्सिटी के अलावा अन्य छात्र संगठन भी छात्र दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं।

# पुण्यतिथि विशेष 17 नवंबर




**लाला लाजपत राय** (28 जनवरी 1865– 17 नवम्बर 1928) भारत के एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे। इन्हें **पंजाब केसरी** भी कहा जाता है। इन्होंने पंजाब नैशनल बैंक और लक्ष्मी बीमा कम्पनी की स्थापना भी की थी ये भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में गरम दल के तीन प्रमुख नेताओं लाल-बाल-पाल में से एक थे। सन् 1928 में इन्होंने साइमन कमीशन के विरुद्ध एक प्रदर्शन में हिस्सा लिया, जिसके दौरान हुए लाठी-चार्ज में ये बुरी तरह से घायल हो गये और अन्ततः 17 नवम्बर सन् 1928 को इनकी महान आत्मा ने पार्थिव देह त्याग दी।



राकेश कुमार

## MATH TLM
89 Class-6to8

# वर्ग (Square)

## परिमाप (perimeter)

- वर्ग का परिमाप = 4 × भुजा




जैसे - एक वर्ग परिमाप ज्ञात करें जिसकी भुजाएं 10 सेंटीमीटर हो।

हल :- वर्ग का परिमाप = 4 × भुजा
= 4×10
= 40सेमी.

Anu Priya, Science Teacher

TOB

खेल कॉर्नर

# टेस्ट में भारत के लिए सबसे ज्यादा 5-विकेट हॉल

| खिलाड़ी | कितनी बार | टेस्ट |
|---|---|---|
| आर. अश्विन | 37 | 106 |
| अनिल कुंबले | 35 | 132 |
| हरभजन सिंह | 25 | 103 |
| कपिल देव | 23 | 131 |
| जसप्रीत बुमराह | 16 | 51 |
| भागवत चंद्रशेखर | 16 | 58 |

# Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **17.11.2025**

## फ़्लिप्ड कक्षा पद्धति

फ़्लिप्ड कक्षा पद्धति **(Flipped Classroom methodology)** एक शैक्षणिक दृष्टिकोण है जो पारंपरिक शिक्षण मॉडल को उलट देती है। इसमें, छात्र नई पाठ्य सामग्री को कक्षा के बाहर (आमतौर पर ऑनलाइन वीडियो व्याख्यान, रीडिंग या डिजिटल मॉड्यूल के माध्यम से) सीखते हैं, और फिर कक्षा के समय का उपयोग उस ज्ञान को लागू करने और गहराई से समझने के लिए करते हैं, जैसे कि समस्या-समाधान, समूह चर्चा, और व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**जयपुर** देश का पहला शहर बन चुका है जहाँ सड़कों पर **एयर प्यूरीफायर** लगाया गया है। शहर में एक्यूआई लेवल 200 के ऊपर जाने के बाद यह **फैसला** लिया गया है।

# पद्य पंकज

"

कभी-कभी खुद से बात करो,
कभी खुद से बोलो
अपनी नजर में तुम क्या हो?
ये मन की तराज़ू पर तोलो।

**कवि प्रदीप**

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

Madhu priya

17 नवंबर

# पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## लाला लाजपत राय

**28 जनवरी 1865 - 17 नवंबर 1928**



www.teachersofbihar.org

Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



# अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस

**17 नवंबर**

टीचर्स ऑफ बिहार परिवार समस्त छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya